# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (27.05.2025)**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR DATE:27.05.2025, PAGE-06

### बीएड प्रवेश परीक्षा में आधार कार्ड जरूरी

**मुजफ्फरपुर।** इस बार बीएड प्रवेश परीक्षा में परीक्षार्थियों को आधार कार्ड या उसकी फोटो कॉपी लेकर परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य होगा। कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए यह फैसला लिया गया है। सोमवार को डीडीसी श्रेष्ठ अनुपम ने सभी केंद्राधीक्षकों, केंद्रीय प्रेक्षक और बीआरएबीयू के नोडल अफसर प्रो. टीके डे के साथ बैठक कर 28 मई को होने वाली इस परीक्षा की तैयारी पर चर्चा की गई।

बैठक में डीडीसी ने कहा गया कि परीक्षार्थियों को आधार कार्ड या उसकी फोटो कॉपी के बिना परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी। छात्रों को 10:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### मेटाबोलिज्म ठीक रखता काला चावल

**मुजफ्फरपुर।** कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के दिशा निर्देश में काला चावल (पिगमेंटेड ब्लैक राइस) पर शोध किया गया है। इसमें पता चला है कि काला चावल कार्यात्मक यौगिकों का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जिसमें एंथोसायनिन नाम का शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट भी शामिल है।

यह शोध कुलपति के निर्देश में बीएचयू की खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की शोध छात्रा डॉ. सलोनी ने किया है। काले चावल के चाखाओ पोइरेटन स्ट्रेन से एंथोसायनिन की रिकवरी की विशेष रूप से जांच करने वाले अध्ययन अब तक नहीं किए गए थे।

**Ref:....................**                                        **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:27.05.2025, PAGE-06

### बीएड सेकेंड ईयर का 10 जून तक रिजल्ट जारी करने की मांग

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कालेजों में बीएड सेकेंड ईयर में नामांकित विद्यार्थियों ने 10 जून तक रिजल्ट जारी करने की मांग की है। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय को ज्ञापन सौंपा है। कहा है कि बीएड सेकेंड ईयर की परीक्षा पिछले महीने समाप्त हुई है। अगले माह एसटीईटी आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। (जासं)

### प्रशिक्षण में शिक्षा समिति सदस्यों के ज्ञान की होगी जांच

मुजफ्फरपुर :अब विद्यालय शिक्षा समिति सदस्यों के ज्ञान की प्रशिक्षण के दौरान जांच

### बीएड प्रवेश परीक्षा में आधार कार्ड लाना जरूरी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीएड प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों को आधार कार्ड के साथ केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी फोटोयुक्त एडमिट कार्ड दो प्रतियों में डाउनलोड करेंगे। दोनों ही प्रतियों के साथ केंद्र पर जाना होगा। वीक्षकों के हस्ताक्षर के बाद अभ्यर्थी की कापी वापस कर दी जाएगी तो दूसरी कापी केंद्राधीक्षक की ओर से नोडल विश्वविद्यालय भेजी जाएगी। जिले में 29 केंद्रों पर बुधवार को प्रवेश परीक्षा होगी। इसमें 18 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। छात्राओं के लिए 19 व छात्रों के लिए 10 केंद्र बनाए गए हैं। सोमवार को डीएम सुब्रत कुमार सेन ने सभी केंद्राधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में नोडल विश्वविद्यालय की ओर से सेंट्रल आब्जर्वर व बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के नोडल अधिकारी भी शामिल हुए।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 27.05.2025, PAGE-06

### पीजी प्रथम सेमेस्टर में 29 तक विलंब शुल्क के साथ भरें फार्म

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने विलंब शुल्क के साथ पीजी प्रथम सेमेस्टर में नामांकित विद्यार्थियों के लिए परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाई गई है। अब विद्यार्थी 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ 29 मई तक परीक्षा फार्म भर सकेंगे। (जासं)

### वीएएमएस और वीयूएमएस की परीक्षा अब पांच जून को

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में बीएएमएस और बीयूएमएस की परीक्षा की तिथि संशोधित की गई है। पहले बुधवार से परीक्षा की शुरुआत होनी थी। अब यह परीक्षा पांच जून से होगी। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को अधिसूचना जारी की गई है। (जासं)

### कुलपति के मार्गदर्शन में काला चावल पर शोध

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.डीसी राय के मार्गदर्शन में बीएचयू के दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग की शोध छात्रा डा.सलोनी ने पिगमेंटेड ब्लैक राइस (काला चावल) पर शोध कार्य किया है। कुलपति ने बताया शोध कार्य के लिए काला चावल की किस्म (चक-हाओ) मणिपुर से मंगाई गई। दैनिक जीवन में इससे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया जा सकता है। विली आनलाइन लाइब्रेरी की ओर से प्रकाशित प्रतिष्ठित जर्नल आफ फूड सेफ्टी एंड हेल्थ में यह शोध पत्र प्रकाशित हुआ है।

## DAINIK JAGRAN MUZAFFARPUR
## DATE:27.05.2025 PAGE-06

### आठ कालेजों को अनुदान की दी गई स्वीकृति

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तहत 16 संबद्ध कालेजों के लिए अनुदान जारी किया गया है। इस आधार पर शिक्षा विभाग की ओर से निर्धारित मानकों के अनुसार शिक्षक-कर्मियों की नियुक्ति समेत अन्य प्रक्रियाओं की जांच के बाद आठ कालेजों को अनुदान जारी करने की स्वीकृति विश्वविद्यालय ने दे दी है। अब जल्द ही कालेजों को राशि भेजी जाएगी। कुछ कालेजों के दस्तावेजों में कमी मिली है। इन्हें उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। सत्र 2014-17 के तहत अनुदान जारी किया गया है। अनुदान वितरण के लिए कुलपति के निर्देश पर पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। इसके अध्यक्ष प्राक्टर प्रो.बीएस राय, सचिव इंसपेक्टर आफ कालेज प्रो.राजीव कुमार, डीएसडब्ल्यू प्रो.आलोक प्रताप सिंह के साथ ही वित्त अधिकारी व ला अधिकारी शामिल हैं।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 27.05.2025, PAGE-04

# विश्व तंबाकू दिवस पर सभी कॉलेजों में होगा शपथ ग्रहण कार्यक्रम

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत व संबद्ध डिग्री महाविद्यालय 31 मई को विश्व तंबाकू दिवस मनाया जायेगा. कुलपति ने इस बारे में सभी प्राचार्यों को निर्देश दिया है, जिसके तहत तंबाकू के सेवन से होने वाले नुकसानों के बारे में लोगों को जागरूक करने करने के लिए 31 मई को तंबाकू, मादक या किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का त्याग करने की शपथ लेने के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन करना है. सभी राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कार्यक्रम पदाधिकारियों को भी सूचित किया गया है. वहीं कार्यक्रम का संक्षिप्त रिपोर्ट जियो टैग फोटो पीडीएफ ई-मेल करने की बात कही गयी है.


## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 27.05.2025, PAGE-04


# वीसी के नेतृत्व में हुआ काले चावल पर शोध

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र राय ने मणिपुर के चक-हाओ पोइरेटन प्रजाति के रंगीन ब्लैक राइस पर एक महत्वपूर्ण शोध का नेतृत्व किया है. इस शोध में काले चावल को एंथोसायनिन, जो शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट का समृद्ध स्रोत हैं, के स्रोत के रूप में उपयोग करने की क्षमता को उजागर किया गया है. प्रो. राय ने न केवल इस शोध का मार्गदर्शन किया, बल्कि डेयरी विज्ञान और खाद्य प्रौद्योगिकी में अपनी विशेषज्ञता का



उपयोग करके सक्रिय रूप से इसे संचालित भी किया. जर्नल ऑफ फूड सेफ्टी एंड हेल्थ में प्रकाशित इस शोध पत्र का शीर्षक "इंटेंसिफिकेशन ऑफ एक्सट्रैक्शन टेक्नोलॉजीज फॉर फंक्शनल एंटीऑक्सिडेटिव मॉलिक्यूल्स फ्रॉम ब्लैक पिगमेंटेड राइस (ओराइजा सटाइवा एल) एंड हाई-रिजॉल्यूशन मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एचआरएमएस) ऑफ राइस मेटाबोलोम" है. इसे प्रो. दिनेश चंद्र राय, डॉ. सलोनी राय और डॉ. राज कुमार ने सह-लेखित किया है.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 27.05.2025, PAGE-04


# टीडीसी पार्ट टू स्पेशल परीक्षा में 14 हजार छात्र होंगे शामिल

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट टू स्पेशल परीक्षा के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं. यह परीक्षा 29 मई से शुरू होगी और इसमें करीब 14 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे. परीक्षा के लिए मुजफ्फरपुर सहित विभिन्न जिलों में दो-दो केंद्र बनाये गये हैं. हालांकि, छात्रों को अभी तक एडमिट कार्ड का इंतजार है. विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने जानकारी दी है, कि मंगलवार (27 मई) को एडमिट कार्ड जारी कर दिये जायेंगे. दूसरी ओर, कई छात्र अभी भी परीक्षा फॉर्म भरने से वंचित हैं. सोमवार को दर्जनों छात्र विश्वविद्यालय पहुंचे और फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित करने की मांग की. यह देखना होगा कि विश्वविद्यालय प्रशासन इन छात्रों की मांग पर क्या निर्णय लेता है, ताकि कोई भी योग्य छात्र परीक्षा देने से छूट न जाये.

## परीक्षा केंद्र और छात्रों की मांग

मुजफ्फरपुर जिले में एमडीडीएम कॉलेज और डॉ. जगन्नाथ मिश्र कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया है. अन्य जिलों में भी केंद्र निर्धारित किये गये हैं, जिनमें वैशाली में जेएल कॉलेज हाजीपुर और एनएन कॉलेज सिंघारा, सीतामढ़ी में आरएसएस साइंस कॉलेज और एसआरकेजी कॉलेज, पूर्वी चंपारण में पीयूपी कॉलेज और एसएनएस कॉलेज मोतिहारी, तथा पश्चिमी चंपारण में एमजेके कॉलेज बेतिया और आरएलएसवाइ कॉलेज शामिल हैं.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE:27.05.2025, PAGE-04

### कुल 16 कॉलेजों को वित्तीय वर्ष 2014-17 के लिए अनुदान राशि प्राप्त

# अनुदान के लिए चार संबद्ध कॉलेजों ने नहीं किया आवेदन, आठ को मिलेगी राशि

इस खबर को विस्तार से पढ़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से संबद्ध 17 अनुदानित कॉलेजों में से चार ने अभी तक सरकार से मिले अनुदान के लिए आवेदन ही नहीं किया है. वहीं कुल 16 कॉलेजों को वित्तीय वर्ष 2014-17 के लिए अनुदान राशि प्राप्त हुई है, जिसमें से विश्वविद्यालय अब जल्द ही आठ कॉलेजों को यह राशि जारी करने जा रही है. इन कॉलेजों के शिक्षक-कर्मचारियों की नियुक्ति सहित अन्य प्रक्रियाओं की जांच पूरी हो चुकी है. इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि 16 कॉलेजों के लिए अनुदान आया है, लेकिन उनमें से केवल 12 ने ही विश्वविद्यालय को अपनी डिमांड भेजी थी. सरकार के निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कागजातों की जांच के बाद 8 कॉलेजों को स्वीकृति दे दी गयी है, और जल्द ही उन्हें राशि भेजी जाएगी. वहीं, चार अन्य कॉलेजों के कागजात में कुछ कमियां पायी गयी हैं, जिनकी डिमांड संबंधित कॉलेजों से की गयी है. त्रुटियां दूर होते ही इन कॉलेजों को भी राशि जारी कर दी जाएगी. एक कॉलेज को अभी तक सरकार से अनुदान राशि प्राप्त नहीं हुई है.

**अनुदान वितरण के लिए पांच सदस्यीय कमेटी.** कॉलेजों को अनुदान वितरित करने के लिए कुलपति के आदेश पर पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है. कमेटी के अध्यक्ष कुलानुशासक प्रो. बीएस राय है, जबकि सचिव इंसपेक्टर ऑफ कॉलेज प्रो. राजीव कुमार बनाए गए हैं. कमेटी में डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह के साथ ही फाइनेंस ऑफिसर और लॉ ऑफिसर सदस्य के रूप में शामिल किए गए हैं.

**सरकार की सख्त हिदायत.** सरकार ने विश्वविद्यालय को राशि भेजते समय यह सख्त हिदायत दी है कि केवल योग्य शिक्षक-कर्मचारियों को ही अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए. हालांकि, कॉलेज की डिमांड के अनुसार ही विश्वविद्यालय से अनुदान राशि भेजी जाएगी, और किस शिक्षक या कर्मचारी को कितनी राशि मिलेगी, यह तय करना कॉलेज प्रबंधन का काम होगा. यह स्थिति उन कॉलेजों के लिए चिंता का विषय है जिन्होंने अभी तक अनुदान के लिए आवेदन नहीं किया है, जबकि अन्य कॉलेज जल्द ही इस वित्तीय सहायता का लाभ उठा सकेंगे.

## पीजी फर्स्ट सेमेस्टर परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि बढ़ी, विलंब शुल्क के साथ 29 मई तक भरें फॉर्म

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पीजी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-2026 के छात्रों को बड़ी राहत दी है. परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि को एक बार फिर बढ़ा दिया गया है. अब छात्र 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ 26 मई से 29 मई 2025 तक अपना परीक्षा फॉर्म भर सकेंगे. इससे पहले विश्वविद्यालय ने परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि 21 मई से 24 मई 2025 तक निर्धारित की थी. हालांकि, अब इसे विस्तारित कर दिया गया है. विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग और सभी प्राचार्य, महाविद्यालय स्नातकोत्तर केंद्रों को इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं. यह विस्तार उन छात्रों के लिए फायदेमंद होगा जो किसी कारणवश पहले निर्धारित तिथि तक अपना फॉर्म नहीं भर पाए थे. छात्रों को सलाह दी गई है कि वे नयी अंतिम तिथि का लाभ उठाते हुए जल्द से जल्द अपना परीक्षा प्रपत्र जमा कर दें.